भारतीय मानक ब्यूरो
(हिंदी विभाग)

संदर्भ : हिंदी/हिं.पखवाड़ा/2022 दि.22.08.2022

विषय : हिंदी पखवाडे के आयोजन से संबंधित

उपरोक्त विषय से संबंधित राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के पत्र सं.11034/12/2022-रा.भा.(नीति), दिनांक 24.06.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक 14-15 सितम्बर 2022 तक सूरत, गुजरात में हिंदी दिवस एवं दूसरा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को देखते हुए आग्रह किया गया है कि वर्ष 2022 में विभिन्न कार्यालयों द्वारा आयोजित किए जाने वाले हिंदी दिवस और हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा के कार्यक्रम **14 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजित** किए जाएं और हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितंबर 2022 को सूरत, गुजरात से हो।

2. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के उपुर्यक्त पत्र को ध्यान में रखते हुए भारतीय मानक ब्यूरो के सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि वह अपने कार्यालयों में हिंदी सप्ताह/पखवाडा **14 से 29 सितम्बर 2022 के दौरान आयोजित करें ।**

3. इसके साथ यह भी अनुरोध है कि अपने कार्यालय के हिंदी अधिकारी/हिंदी नोडल अध्रिकारी/हिंदी नोडल कर्मचारी अथवा अन्य किसी उपयुक्त कर्मचारी को **14-15 तारीख 2022 को सूरत, गुजरात में आयोजित किए जाने वाले राजभाषा सम्मेलन के लिए भी नामित करें।** सम्मेलन में भाग लेने हेतु कर्मचारी का पंजीकरण कराना आवश्यक है। यह पंजीकरण राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर किया जा सकता है।

(विनोद कालरा)
प्रमुख (हिंदी)

बीआईएस के सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों, एनआईटीएस और सभी प्रयोगशालाओं को परिचालित